शुक्रवार
17 जून 2022



पृष्ठ 4
हरे धनिये को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए इन तरीकों से करें स्टोर



पृष्ठ 5
आयुष्मान में निर्माताओं का विश्वास बरकरार, ड्रीम गर्ल 2 की तैयारी



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 134
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जिस प्रकार थोड़ी सी वायु से आग भड़क उठती है, उसी प्रकार थोड़ी सी मेहनत से किस्मत चमक उठती है।

— अज्ञात

दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# अग्निपथ पर महासंग्राम जारी

## हल्द्वानी में प्रदर्शनकारी युवाओं पर लाठीचार्ज



विशेष संवाददाता

देहरादून। अग्निपथ पर घमासान जारी है। योजना से असहमत आक्रोशित युवा सड़कों पर है हिंसा और आगजनी लाठीचार्ज और फायरिंग सब कुछ चल रहा है। वहीं दूसरी ओर इस मुद्दे को लेकर भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी शुरू हो गई। उत्तराखंड राज्य भी अग्निपथ पर भड़की इस आग में झुलस रहा है।

बीते कल राज्य के तमाम जिलों में अग्निपथ के विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसका सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। पहली खबर हल्द्वानी से आई जहां अग्निपथ का विरोध कर रहे युवाओं ने नैनीताल हाईवे पर जाम लगा दिया। तिकोनिया चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस ने खूब लाठियां फटकारी और उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। इस

### ❑अल्मोड़ा, कोटद्वार व पिथौरागढ़ में भी प्रदर्शन

लाठीचार्ज में कई युवाओं को गंभीर चोटें आई हैं। कुछ युवाओं को पुलिस द्वारा हिरासत में भी लिया गया है। मौके पर मौजूद एसडीएम मनीष कुमार ने हालांकि लाठीचार्ज से इनकार किया है लेकिन एसपी क्राइम ने स्वीकार किया कि सड़क पर यातायात को बहाल करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया है।

उधर अल्मोड़ा से मिली खबरों के अनुसार भी यहां बड़ी संख्या में युवाओं ने सड़कों पर उतर कर केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन और नारेबाजी की गई। छात्रों का कहना है कि उन्हें 4 साल के लिए नौकरी नहीं चाहिए। युवाओं ने इस बात पर आक्रोश जताया कि सेना में 2 साल से भर्ती नहीं की जा रही है जिसके कारण सेना भर्ती ◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## कांग्रेस युवाओं को भड़का रही हैः अजय भट्ट

### ❑सरकार का फैसला गलत, युवाओं का आक्रोश वाजिबः कांग्रेस

विशेष संवाददाता

नैनीताल। अग्निपथ योजना युवाओं के लिए एक हितकारी योजना है। कुछ असामाजिक तत्व और राजनीतिक दल इसे लेकर भ्रम फैला रहे हैं। यह बात आज रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कही।

अजय भट्ट ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष युवाओं को भड़का रहा है। उन्होंने कहा कि हम 4 साल बाद भी उन युवाओं को नौकरी देंगे जो अग्निवीर के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतें और विपक्षी नेता युवाओं को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत बात है। उधर भाजपा प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि योजना युवाओं के हित में है उन्हें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए।

कांग्रेस की महिला नेत्री गरिमा दसोनी का कहना है कि भाजपा नेता जो आज इस योजना को युवाओं के लिए हितकर बता रहे हैं वह तीन कृषि कानूनों को किसानों के हित में बताते थे और किसानों के आंदोलन को राजनीति से प्रेरित बताते ◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## 24 जून से शुरू होगी अग्निवीरों की भर्ती

नई दिल्ली। तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती की नई योजना अग्निपथ के विरोध में देश के अनेक राज्यों में हो रहे उग्र आंदोलनों के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से भर्ती से वंचित युवाओं का आह्वान किया है कि वे सेना में भर्ती होने के इस मौके का लाभ उठाएं। वहीं एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि अगले शुक्रवार यानि २४ जून से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

जनरल पांडे ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष २०२२ में होने वाली अग्निवीरों की भर्ती के लिए आयु सीमा २१ से बढ़ाकर २३ वर्ष कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस संवेदनशील फैसले से ऊर्जावान और देशभक्त युवाओं को सेना में भर्ती होने का मौका मिलेगा जो कोरोना महामारी के कारण सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे थे। जनरल पांडे ने कहा कि सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए विस्तृत कार्यक्रम की शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेना देश के युवाओं का आह्वान करती है कि वे सेना से जुड़ने के इस मौके का लाभ उठाएं। ◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर


## अग्निपथ के विरोध में बिहार, यूपी व तेलंगाना में उपद्रवियों ने फूंकी ट्रेन

नई दिल्ली। देश के अनेक शहरों में अग्निपथ योजना का विरोध हो रहा है। बिहार में उपद्रवियों ने आज तीन ट्रेन की २८ बोगियों में आग लगा दी। समस्तीपुर जिले में प्रदर्शनकारियों ने नई दिल्ली से दरभंगा जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के १० डब्बों को आग के हवाले कर दिया। शहर में सड़कों पर खड़ी एक दर्जन से अधिक गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने मुहद्दिनगर स्टेशन पर जम्मू से गुवाहाटी जाने वाली लोहित एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगा दी जिससे ट्रेन के छह डिब्बे जलकर राख हो गए। लखीसराय में भी प्रदर्शनकारियों ने नई दिल्ली से भागलपुर जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगा दी। इस ट्रेन की १२ बोगी आग लगने से क्षतिग्रस्त हो गईं। उत्तर प्रदेश के बलिया में यार्ड में खड़ी ट्रेन के एक खाली डिब्बे में आग लगा दी गई। अग्निपथ के खिलाफ पलवल में हिंसक प्रदर्शन के बाद हरियाणा सरकार ने एहतियाती तौर पर फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ इलाके में मोबाइल इंटरनेट एवं एसएमएस सेवाओं को २४ घंटे के लिए निलंबित कर दिया है। तेलंगाना में भी प्रदर्शनकारियों ने अग्निपथ योजना के विरोध में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ की और एक ट्रेन में आग लगा दी। दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में धारा १४४ लगा दी गई है। ऐसे में गुरुग्राम में अगले आदेश तक एक जगह पर चार लोग से अधिक के जमा होने पर मनाही रहेगी।

## आज फिर आए कोरोना के 12000 से ज्यादा नए केस, पिछले 24 घंटे में 7985 लोग ठीक हुए

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के पिछले २४ घंटे में १२८४७ नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह ये जानकारी दी गई। हाल के महीनों में यह लगातार दूसरा दिन है जब भारत में १२ हजार से अधिक नए केस सामने आए हैं। इससे पहले कल भी १२२१३ मामले सामने आए थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार १४ और लोगों की मौत भी कोरोना से पिछले २४ घंटे में हुई है। इससे देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर ५ लाख २४ हजार ८१७ हो गई है। वहीं एक्टिव केस बढ़कर ६३०६३ हो गए हैं। कल के मुकाबले सक्रिय मामलों में ४८४८ की वृद्धि हुई है।



पिछले २४ घंटे में ७९८५ लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। इस बीच देश में कोरोना वैक्सीन के १९५ करोड़ से ज्यादा डोज लगाए जा चुके हैं। पिछले २४ घंटे में वैक्सीन के १५,२७,३६५ डोज लगाए गए हैं। वहीं आईसीएमआर ने बताया है कि ५,१९,९०३ कोरोना टेस्ट भी गुरुवार को देश में किए गए।

भारत में कोरोना के सबसे अधिक नए मामले महाराष्ट्र से सामने आए हैं। महाराष्ट्र कोविड से सबसे अधिक प्रभावित राज्य भी है। यहां गुरुवार को ४२५५ नए कोरोना केस सामने आए जबकि तीन लोगों की मौत हुई। यहां एक्टिव मरीजों की संख्या अब ३० हजार से पार हो गई है।

इसके अलावा केरल से भी ३४१९ नए केस सामने आए जबकि ८ मौतें दर्ज की गई। यहां सक्रिय मामले अभी १९२१० हैं। दिल्ली में १३२३ और कर्नाटक में ८३३ नए केस गुरुवार को मिले। कर्नाटक में एक्टिव केस अब ४३७१ हो चुके हैं। वहीं दिल्ली में सक्रिय केस ३९४८ हैं।

देश के अन्य राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु में पिछले २४ घंटे में ५५२ कोरोना केस आए हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अग्निपथ पर भड़की आग

केंद्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं में भारी रोष है। 4 साल के लिए सेना में नौकरी दिए जाने के फैसले ने युवा बेरोजगारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है युवाओं में आक्रोश उस हद तक है कि वह अब सड़कों पर उतर आए हैं और हिंसक प्रदर्शन पर आमादा हैं। बीते कल 10 राज्यों में इन युवाओं ने इस कदर तांडव किया कि पांच ट्रेनों को फूंक डाला और दर्जनों ट्रेनों में तोड़फोड़ की और कई राज्यों में सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। आज दूसरे दिन भी यह विरोध प्रदर्शन जारी है आज सुबह-सुबह दो बिहार में तथा एक उत्तर प्रदेश में 3 ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस इन छात्रों और बेरोजगार युवाओं पर लाठियां भांज रही है वहीं अब तक सैकड़ों प्रदर्शनकारी छात्र व युवाओं की गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर यूपी, उत्तराखंड और हरियाणा सहित तमाम भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री अब इस अग्निपथ योजना को सही ठहराते हुए इसके लाभ गिनाने में लगे हुए हैं तथा सरकार ने इसकी भर्ती की आयु सीमा भी बढ़ाकर 21 साल से 23 साल कर दी है कल गृह मंत्री अमित शाह ने भी अग्नि वीरों को सशस्त्र सुरक्षाबलों में नौकरी में वरीयता देने की बात कही थी वह कई राज्य पुलिस भर्ती में वरीयता देने की घोषणा कर चुके हैं लेकिन छात्र कुछ भी सुनने और मानने को तैयार नहीं है। भाजपा की सरकार और नेताओं के पास अपने तर्क हैं तथा वह यह प्रचारित कर रहे है कि विपक्ष के नेता युवाओं को भड़का रहे हैं गुमराह कर रहे हैं। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। बीते दो दशक में सरकार इन बेरोजगारों को रोजगार देने में असफल साबित हुई है। देशभर के युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं बात अगर सेना में भर्ती की की जाए तो युवाओं के पास सेना में जाने के लिए दो-तीन साल का ही मौका होता है बीते दो सालों से सेना में भर्ती बंद है जिसके कारण लाखों युवा यह मौका गंवा चुके हैं और उनकी तैयारी व मेहनत पर पानी फिर चुका है। अब सरकार इन युवाओं को 4 साल की नौकरी का ऑफर दे रही है जो उन्हें पसंद नहीं आ रहा है। सरकार भले ही इन बेरोजगारों के गुस्से को विपक्ष के भड़काने से जोड़ रहे हो लेकिन भाजपा नेता वरुण गांधी का कहना है कि सरकार भी 5 साल के लिए चुनी जाती है फिर युवाओं की नौकरी 4 साल के लिए क्यों? सवाल यह है कि क्या वरुण गांधी भी इन युवाओं को भड़का रहे हैं। जब किसान आंदोलन हुआ तब भी इसे विदेशी संरक्षण और राजनीतिक षड्यंत्र बताया गया था। सरकार क्या यह चाहती है कि वह कुछ भी करें उस पर सहमति की वह सबको लगानी ही होगी। सरकार को इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि 8 साल में उसने कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया है और आज अगर बेरोजगारी दर 7.6 फीसदी हो गई है तो उसका क्या कारण है? सरकार सिर्फ अपने हित देख रही है उसे इन युवा और बेरोजगारों की पीड़ा और दर्द को भी समझने की जरूरत है। वह इस समस्या का ठीकरा यह कहकर कि युवाओं को भड़काया जा रहा है गुमराह किया जा रहा है दूसरों के सर फोड़ कर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है।

# मर्तोलिया ने किया युवाओं के अग्निपथ योजना के विरोध का समर्थन

नगर संवाददाता

पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने युवाओं द्वारा किए जा रहे अग्निपथ योजना का विरोध का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कृषि कानून की तरह मोदी सरकार को इस योजना को भी एक दिन आंदोलन के दम पर ही वापस लेना पड़ेगा।



जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के निजीकरण नीतियों का गुलाम बनकर इस देश को अमेरिका की फोटो कॉपी बनाने में लगी हुई है। मर्तोलिया ने कहा कि सरकार अमेरिकी नीतियों को बिना होमवर्क के लागू कर रही है। इससे चलते बेरोजगारी तथा आर्थिक शोषण में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि युवाओं का यह विरोध देश को एक नयी दिशा देगा। किसान आंदोलन के बाद यह युवाओं का आन्दोलन एक जिम्मेदार सरकार की परिकल्पना को साकार करने के सपने को आगे बढ़ायेगा। कहा कि आंदोलन का नेतृत्व तिरंगे झंडे को समर्पित करके आगे बढ़ना होगा। मर्तोलिया ने आव्हान किया कि देश के सभी कार्मिक, किसान, मजदूर तथा महिला समाज को युवाओं के आंदोलन के समर्थन में इस आंदोलन की धार को तेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को निजीकरण नीतियों से बचाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए।

# मन्दिर में पूजा अर्चना व फल वितरण कर मनाया गया कोश्यारी का जन्मदिन

संवाददाता



देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिवस पर बद्रीनाथ मन्दिर में पूजा अर्चना की गयी।

आज यहां बद्रीनाथ मंदिर नेशविला रोड में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी का जन्म दिवस मंदिर में पूजा अर्चना करके वहां बस्ती वासियों को फल वितरण कर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम की संयोजिका डॉ बबीता सहोत्रा व क्षेत्रवासियों ने भगत दा के स्वास्थ्य वाद दीर्घायु की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वहां उन्हें भारत का राष्ट्रपति बनाएं उन्होंने कहा कि भगत दा ने अपना जीवन समस्त जनता की सेवा व राष्ट्र के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को भगत दा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कैसे उन्होंने एक छोटे से गांव के विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शाखा में जाकर अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित किया और आज वहां एक सर्वोच्च पद पर रहे हैं हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सत्येंद्रनाथ, प्रदीप रावत, सत्येंद्र खरोरा, सुभाष गुसाई लक्ष्मी, बेला गुप्ता भावना चौधरी सुमन सिंह ज्योति भट्ट मीना शर्मा प्रीति भट्ट जपनीत अरोड़ा कांति बिष्ट बड़ी संख्या में पथरी पीर नीलकंठ विहार बद्रीनाथ कॉलोनी इंदिरा कॉलोनी आंशिक क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिला व बच्चे उपस्थित थे पूजा अर्चना के बाद सभी को फल वितरित किए गए और भगत दा की दीर्घायु की कामना की गई।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर धोखाधडी

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलाने के नाम पर अधिवक्ता से छह लाख की ठगी करने के मामले मे पुलिस ने मलिा पार्षद व उस के पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एकता विहार निवासी अधिवक्ता नरवेश चौधरी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने 2021 मे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन किया था। आवेदन को स्थानीय पार्षद या सभासद से प्रमाणित करवाया जाना अति आवश्यक था वह अपने स्थानीय पार्षद श्रीमती नीतू बाल्मिकी पत्नी राकेश उर्फ तिनका के पास गयी स्थानीय पार्षद नीतू वाल्मिकी एव उसके पति राकेश उर्फ तिनका द्वारा उससे कहा गया कि उसके पास प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कुछ मकान उपलब्ध है जो किसी अन्य व्यक्ति के नाम है और वह व्यक्ति धनराशी के अभाव मे मकान नही लेना चाहता है जिससे वह उसको मकान दिलवा देगे जिसकी एवज मे उसको 6 लाख दस हजार रूपये कब्जा प्रपत्र असल किरायानामा , शपथपत्र , आधारकार्ड तथा पासपोर्ट साईज की चार फोटो देनी होंगी। वह उनकी बातों में आ गयी और छह लाख 10 हजार रूपये उनको दे दिये। धनराशि अदायगी के बाद पार्षद द्वारा उसको विश्वास दिलाया गया कि एक माह में सम्बन्धित मकान का अध्यासन उसको दिलवा देंगे। जब लगातार कई माह बीतने के पश्चात् भी उसको कोई आवास प्राप्त नहीं हुआ और ना ही आवास के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त हुई। उसने उनसे अपने पैसे वापस मांगे तो वह टाल मटोल करने लगे जिसके बाद उसको पता चला कि उक्त दोनों ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## ❑पार्षद पति व पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

त्वं धृष्णो धृषता वीतहव्यं प्रावो विश्वाभिरुतिभिः सुदासम।
प्र पौरुकुत्सिं त्रसदस्युमावः क्षेत्रसाता वृत्रहत्येषु पूरुम।।

(ऋग्वेद ७–१९–३)

एक शासक को अपनी सभी शक्तियों और साधनों के द्वारा राष्ट्रीय संपदा का रक्षण करना चाहिए। सभी क्षेत्रों के उत्तम मनुष्यों को जो राष्ट्र की सुरक्षा और उन्नति में लगे हुए हैं उनका और उनके परिवार का रक्षण और कल्याण करना चाहिए।

A ruler should protect the national wealth by all his powers and means. The good human beings working in various fields and their families should be protected and welfare of them be done.
(Rig Veda 7-19-3)

# दिवंगत कांग्रेस नेता राजेश शिवपुरी के निधन पर की संवेदनाएं व्यक्त

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप और जयराम आश्रम के अधिष्ठाता ब्रह्मस्वरुप ब्रहमचारी आज कांग्रेस के दिवंगत नेता राजेश शिवपुरी के आवास कनखल गए और दिवंगत नेता के परिजनों से मिल कर संवेदना व्यक्त की।

इस मौके पर दिवंगत राजेश शिवपुरी के परिजनों से धीरेंद्र प्रताप ने कहा राजेश शिवपुरी जितने कलम से मजबूत थे उतने ही वो कांग्रेस और वामपंथी विचारधारा के अग्रणी सिपाही थे। कांग्रेस प्रवक्ता के रूप मे उन्होंने सदैव कमजोर वर्ग के लोगों की आवाज उठाई। उनकी कलम में किसान, गरीब, गांव की पीड़ा बसती थी। वह अपने सिद्धांतो के पक्के थे और गांधीवाद उनकी जीवन शैली में रमा था। इस मौके पर कांग्रेस नेता मकबूल कुरेशी भी मौजूद थे।

# 16 पेटी अंग्रेजी शराब सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



देहरादून। तीर्थनगरी ऋषिकेश में शराब तस्करी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने कल देर रात 16 पेटी अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध अंग्रेजी शराब की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को नटराज चौक के समीप एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार सवार दो लोग कार से उतरकर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी 16 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम मोहित राणा पुत्र रामकुमार राणा निवासी ग्राम कुतरा थाना खटीमा उधम सिंह नगर व योगेश सिंह पुत्र रोशन सिंह निवासी ग्राम मनकटिया थाना खटीमा उधम सिंह नगर बताया। पुलिस ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# गंगोत्री: जहां विराजते हैं साक्षात भोलेनाथ



● लोकेंद्र सिंह बिष्ट

भगवान भोलेनाथ शिव जी ने गंगा दशहरा के दिन माँ गंगा जी की एक जलधारा पृथ्वी पर छोड़ी थी। इन दुर्लभ दृश्यों को देखकर ऐसा लगता है की मानों आज भी भोलेनाथ शिव जी तब से लेकर आज तक इसी स्थान पर शांत मुद्रा में माँ गँगा जी के रौद्र रूप के साथ पृथ्वी पर अवतरण के बाद कि यात्रा को निहार रहें हो। चलो आज आपको लिए चलते हैं अब तक के सबसे दुर्लभ, सबसे अदभुत, सबसे अकल्पनीय व सबसे अद्वितीय दिव्य दृश्य माँ गँगा जी के गंगोत्री में स्थित गौरीकुण्ड के। हमारा दावा है कि माँ गँगा के इससे अधिक दिव्य, भव्य, अदभुत, दुर्लभ आलौकिक, नैसर्गिक, प्राकृतिक रंग रूप और रौद्र रूप आज तक आप ने नहीं देखे होंगे।

गंगोत्री में सूर्यकुंड से लेकर गौरीकुण्ड तक लगभग ७०० मीटर के हिस्से में माँ गंगा की सम्पूर्ण जलधारा बहुत ही गहरी, अति तंग घाटी से होकर गुजरती है। इस क्षेत्र में माँ गंगा जी विस्तार में मात्र ३ या ४ मीटर के दायरे में ही बहती है। दोनों ओर कठोर चट्टानों को काटकर बहुत ही गहरी तंग घाटी में माँ गंगा जी की सम्पूर्ण जलधारा अपना मार्ग प्रशस्त करती है। इस क्षेत्र में दोनों ओर की कठोर चट्टानों वाली पहाड़ियाँ ऊपर से मिली हुई हैं जुड़ी हुई है। जिनके अंदर से एक प्राकृतिक सुरंग के माध्यम से माँ गँगा अपना आगे का सफर तय करती है।

आज बात करते हैं विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में स्थित गौरी कुंड की। गंगोत्री में सूर्यकुंड और गौरीकुंड की विशेष धार्मिक महत्ता है। आज भी माँ गँगा भागीरथी की धारा इन्हीं कुंडों से होकर आगे बढ़ती है। माँ गंगा जी के २५२५ किलोमीटर की लंबी यात्रा में केवल दो ही जलप्रपात ( कुण्ड ) हैं जो समुद्रतल से ३१४० मीटर की ऊँचाई पर स्थित गंगोत्री धाम में ही है।

धार्मिक ग्रंथों वेद पुराणों में भी इन कुंडों का उल्लेख हुआ है। भारत के इस पवित्र धाम गंगोत्री में आज भी माँ गँगा महाकाल भगवान शिव की परिक्रमा करती है। जी हां, यह जगह है उत्तराखंड के पवित्र धाम गंगोत्री। ये वो धाम है जो दुनियाँ में अपनी अलग ही पहचान बना चुका है। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में सूर्य कुंड और गौरी कुंड अपना अलग ही महत्व रखते है। गंगोत्री में गौरीकुण्ड के पास गँगा जी गहरी संकरी तंग घाटी से होकर गुजरती है। यहां दोनों ओर की चट्टानें ऊपर से आपस में मिली हुई हैं जुड़ी हुई है।

पत्थरों की आकृति में भगवान शिव साक्षात नजर आते है। ऐसा लगता है कि स्वयं भोलेनाथ शांत मुद्रा में माँ गँगा के रौद्र रूप को देख रहे हो। भगवान महादेव की पत्थरों पर उभरी आकृति स्पष्ट नजर आती है। गौरीकुण्ड जहाँ मात्र ३ और ४ मीटर की गहरी घाटियों से गुजरती हैं सम्पूर्ण गँगा की धारा। गंगोत्री की यात्रा पर आयें तो गंगोत्री में गौरीकुण्ड के दर्शन अवश्य करे। सूर्यकुंड और गौरीकुण्ड की दूरी मात्र ८०० मीटर ही है।

# 25 जुआरी, नगद एक लाख बहुत बेइंसाफी ?

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने पकडे 25 जुआरी और बरामद हुए मात्र एक लाख बीस हजार रूपये? क्या दिल्ली, हरियाणा व पंजाब से यह लोग जुआ खेलने आये थे या फिर मजाक करने के लिए यह अपने आप में सवाल खडे कर रहा है और एसटीएफ व पुलिस की कहानी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस एसटीएफ व स्थानीय पुलिस ने सहसपुर के एक रिजॉर्ट में छापा मारकर वहां से 25 जुआरियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मौके से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के 25 जुआरियों को ऑनलाईन केसिनों की तर्ज पर जुआ खेलते हुए पकड लिया था। इस रिजॉर्ट में जुआरियों को सभी सुख सुविधा की व्यवस्था की गयी थी। इनके लिए महंगी शराब से लेकर शबाब की भी व्यवस्था की गयी थी। लेकिन यह जुआरी काफी गरीब टाईप के साबित हुए। जब पुलिस ने इनको पकडा तो इनके कब्जे से पुलिस ने मात्र एक लाख बीस हजार रूपये बरामद किये। जबकि पुलिस का कहना था कि इन 25 जुआरियो के कब्जे से 60 गड्डी ताश की बरामद की गयी थी। अगर जानकारों की माने बुक चलाने वाला ही पचास से साठ लाख रूपये नगद लेकर बैठता है तथा जो क्वाइंस वहां से बरामद हुए उनकी भी अपनी एक हैसियत होती है। अगर एक क्वाइंस की कीमत सौ रूपये भी मानी

## ❑दिल्ली, पंजाब, हरियाणा से मजाक करने आये थे या जुआ खेलने!


जाये तब भी दो लाख तीस हजार रूपये होते है और बरामदगी मात्र एक लाख बाईस हजार रूपये है। अगर सही मायनों में कहा जाये तो पुलिस की कहानी में पूरी तरह से झोल दिखायी दे रहा है! पुलिस की कहानी को पूरी तरह से देखा जाये तो वह अपनी कहानी में भी पूरी तरह से फंसती दिखायी देगी। पुलिस का कहना है कि वहां पर उन्होंने 25 जुआरी व उनके लिए लायी गयी युवतियो को पकडा था यही नहीं उन जुआरियों के लिए महंगी शराब भी मौजूद थी। अगर यह सही है तो क्या इतनी दूर से महंगी शराब व युवतियों के साथ ही जुए का आनंद लेने पहुंचे जुआरी मात्र चार से पांच हजार रूपये लेकर इतना लम्बा सफर तय करके आये थे? पुलिस ने एक लाख 22 हजार रूपये मात्र बरामद किये। 25 लोगों के कब्जे से अगर 5-5 हजार रूपये भी बरामद दिखायी जाये तो भी एक लाख 25 हजार रूपये बैठते है जबकि जुएं के बारे में जानकारी रखने वालों की माने तो मौके पर एक लाख नहीं लाखों रूपये होने चाहिए थे तो फिर वह रूपया कहां गया? इतने समय से वहा पर रात्रि मे केसिनो का संचालन हो रहा था तो स्थानीय पुलिस वहां पर क्या कर रही थी? स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी? अब यहां पर सवालों पर ही सवाल खडे होते जा रहे है कि इतना बडा तामझाम चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी और प्रदेश की एसटीएफ को वहां पर दस्तक देनी पडी यह भी अपने आप में एक सवाल है कि एसटीएफ को अब जुआरियों को पकडना पड रहा है? अब चाहे जो भी खेल हुआ हो लेकिन इतना तो है कि एसटीएफ व पुलिस की इस कार्यवाही ने उनपर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है?

## अग्निपथ के विरोध में युवाओं ने निकली रैली

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। सेना भर्ती में अग्निपथ योजना शुरू करने से नाराज युवाओं ने यहां जोरदार रैली निकाली। इस दौरान युवाओं ने मोदी सरकार युवाओं से मत करो मजाक जैसे नारे लगाए ।

शुक्रवार को युवा पहले गांधी चौक में एकत्रित हुए इसके बाद उन्होंने अग्निपथ वापस लो जैसी तख्तियां हाथ में लेकर रैली शुरू की। पुरानी बाजार ,सुनार गली, केएमओयू बस स्टेशन के साथ नगर परिक्रमा पर युवा निकले ।उन्होंने कहा केंद्र सरकार हमारे भविष्य के साथ मजाक कर रही है ।युवाओं ने सेना में पूर्व की तरह भर्ती कराने की मांग की ।कहा यदि अग्निपथ को वापस नहीं लिया गया तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## ओंगल भट्टा में सड़क व नाली बनवाने की मांग




देहरादून (नसं)। कांग्रेस सेवादल महानगर प्रभारी व प्रदेशसचिव पियूष गौड के नेतृत्व में आज ओंगल भट्टा क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र की नालियां व सड़क बनाने की मांग को लेकर मेयर नगर निगम सुनील उनियाल (गामा ) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से पियूष गौड व क्षेत्रवासियों ने मेयर सुनील उनियाल गामा से मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में आंतरिक नालियों और सड़कों के बुरे हालात है। उन्हाने कहा कि इससे आये दिन क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्रवासियों की मांग पर संज्ञान लेते हुए मेयर सुनील उनियाल गामा ने यथा शीघ्र नाली और सड़कों को बनवाने का निर्देश अधिशासी अभियंता को दिये गये है। ज्ञापन देने वालों में पियूष गौड, नरेंद्र सूद , विक्की नाहर, विजेंद्र कान्नूजिया, व अंजू नाहर आदि कई लोग मौजूद थे।

# गलज्वाड़ी में आपदा राहत के काम नहीं होने पर ग्रामीणों का विधानसभा कूच

देहरादून (आरएनएस)। गलज्वाड़ी ग्राम सभा में पिछले साल आई आपदा में पूरे नुकसान के बाद अब तक आपदा राहत के काम ना होने और सालों से वहां की भूमि को आबादी में घोषित नहीं करने से गुस्साए ग्रामीणों ने शुक्रवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया।

ग्राम प्रधान लीला शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं विधानसभा पहुंचे। जैसे ही वे दया पैलेस तिराहे से आगे पहुंचे तो पुलिस ने पहले से लगाई बैरिकेडिंग पर उन्हें रोक लिया। इसके बाद महिलाओं ने वहां जमकर प्रदर्शन किया और सरकार से मांग की कि तत्काल आपदा राहत के काम कराए जाएं। इसके अलावा यह भी मांग की गई कि वहां की जमीनों को आबादी में घोषित किया जाए। इसे लेकर कि लंबे समय से आश्वासन मिलते आ रहे हैं। ग्राम प्रधान लीला शर्मा ने बताया कि पिछले साल आई आपदा में स्थानीय विधायक गणेश जोशी और मुख्यमंत्री स्वयं वहां पहुंचे थे और वहां नुकसान करने वाले नाले में आपदा राहत काम का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक काम नहीं हो पाए। इस बरसात में वहां इस नाले से आपदा की आशंका और बढ़ गई है। प्रदर्शन के बाद अपर सिटी मजिस्ट्रेट ने का ज्ञापन लिया और इस मामले में सरकार से वार्ता का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में विमला देवी, राजकुमार, सरिता थापा, सुनीता गुरुंग आदि मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय निवेश शिक्षा एवं जागरुकता प्रशिक्षण सम्पन्न



कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। नेहरू युवा केंद्र पिथौरागढ़, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ३ दिवसीय आवास प्रशिक्षण, प्रसार प्रशिक्षण केंद्र, थारकोट पिथौरागढ़ में करवा गया। जिसमे विभिन्न विकासखंडो के ६० युवाओं ने प्रतिभाग किया। ३ दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न वित्तीय साक्षरता सलाहकारों ने प्रशिक्षुओं को सरकार की निवेश योजनाओं और बेहतर भविष्य के लिए दैनिक जीवन में बचत के विकल्प बताए। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को शिक्षा विभाग जिला प्रशासन सामाजिक कल्याण क्षेत्र युवा उद्यमियों के अतिथि वक्ताओं द्वारा विभिन्न वित्तीय साक्षरता शिक्षा दी गई।

यह इस तरह का तीसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो जिले में नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने और वित्तीय शिक्षा और प्रारंभिक निवेश के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए आयोजित किया जाता है। मनीष कसनियाल–माउंट एवरेस्ट शिखर सम्मेलन विजेता और राजेंद्र धामी अंतरराष्ट्रीय पैरा क्रिकेटर द्वारा सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिए गए।युवाओं के बीच आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए योग पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी ध्रुव डोगरा ने प्रशिक्षणार्थियों को ज्ञान प्रदान करने के लिए सभी ३ दिनों के दौरान आने वाले सभी प्रशिक्षुओं और अतिथि वक्ताओं को बधाई दी।

# क्या बदल गया तालिबान ?

अब जबकि भारत के तालिबान से तार जोड़ने की खबर आई है, तो ये सवाल उठा है कि आखिर पिछले दस महीनों में तालिबान में क्या बदल गया है। हकीकत यह है कि तालिबान जिस कट्टरपंथ के लिए जाना जाता है, उसका मुजाहिरा वह फिर से अफगानिस्तान में कर रहा है।

भारतीय कूटनीति की इसे अजीब कहानी ही समझा जाएगा। पिछले साल अगस्त में जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया, तो उस पर अपनी असहजता जताने में भारत ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। यहां तक कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसा बयान दिया था, जिसे इस घटनाक्रम की आलोचना के रूप में देखा गया था। तालिबान को जो इतिहास रहा है, उसे देखते हुए भारत की प्रतिक्रिया को अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। तो इसे उचित ही समझा गया कि कई दूसरे देशों की तरह पिछले अगस्त में भारत ने भी अफगानिस्तान से कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए। इसीलिए अब जबकि तालिबान से तार जोड़ने की भारत की कोशिश की खबर आई है, तो इसे समझना मुश्किल हो रहा है। ये सवाल सहज ही उठा है कि आखिर पिछले दस महीनों में तालिबान में क्या बदल गया है। हकीकत तो यह है कि तालिबान जिस कट्टरपंथ के लिए जाना जाता है, उसका मुजाहिरा वह फिर अफगानिस्तान में कर रहा है।



इसके बावजूद भारतीय राजनयिकों ने कतर की राजधानी दोहा में तालिबान प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। अगर ये बात सिर्फ अफगानिस्तान की परेशान जनता को मानवीय मदद देने के मुद्दे पर हुई (जैसाकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है), तो फिर इसे भारत के एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जाएगा। लेकिन ये चर्चा तेज है कि जल्द ही भारत काबुल में अपना दूतावास फिर खोल सकता है। ऐसा हुआ, तो इसे पलटी मारना ही समझा जाएगा। पिछले साल अगस्त में भारत ने अफगानिस्तान से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया और दूतावास बंद कर दिया था। पिछले महीने भारत ने कहा कि उसे नहीं पता कि अफगानिस्तान में दूतावास कब खुलेगा। अब देखना है कि क्या ऐसा जल्द ही हो जाता है। फिलहाल, भारतीय विदेश ने बताया है कि भारत ने 20,000 मिट्रिक टन गेहूं, 13 टन दवायें, कोविड वैक्सीन के 5 लाख डोज और सर्दियों के कपड़े की एक बड़ी खेप अफगानिस्तान भेजी है, ताकि वहां के लोगों की जरूरतें पूरी की जा सकें।(आरएनएस)

## कांग्रेस को विपक्षी पार्टियों से निपटना है

राष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार से लड़ने से पहले कांग्रेस को विपक्षी पार्टियों से निपटना है। क्योंकि विपक्षी पार्टियां गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा बना कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। अगर तीसरा या संघीय मोर्चा नहीं भी बनता है तब भी विपक्षी पार्टियां इस प्रयास में लगी हैं कि वे एक साझा उम्मीदवार उतारें और कांग्रेस को मजबूर करें कि वह उसका समर्थन करे। दूसरी ओर कांग्रेस किसी हाल में अपनी पार्टी के अलावा दूसरी पार्टी के नेता को समर्थन देने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस चाहती है कि वह उम्मीदवार दे और बाकी पार्टियां उसका समर्थन करें, जैसा पहले होता रहा है। तभी मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस ने इस अभियान में लगाया है।

दूसरी ओर ममता बनर्जी, चंद्रशेखर राव और आम आदमी पार्टी के नेता अलग प्रयास में लगे हैं। कुछ दिन पहले तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी इस मामले में पहल कर रहे थे। लेकिन उनके राज्य में दो लोकसभा सीटों-आजमगढ़ और रामपुर के उपचुनाव आ जाने से वे उलझ गए हैं। दोनों सीटें उनके लिए प्रतिष्ठा की हैं क्योंकि दोनों उनकी पार्टी की सीट रही है और एक सीट तो उनके इस्तीफे से ही खाली हुई है।

बहरहाल, ममता बनर्जी ने बुधवार को विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई है। इस बीच आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह मुंबई जाकर शरद पवार से मिले हैं। के चंद्रशेखर राव पहले ही स्टालिन, हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल आदि से मिल चुके हैं। सो, कांग्रेस को अभी असली लड़ाई से पहले उम्मीदवार तय कराने की लड़ाई लड़नी है। इसी बीचच सोनिया गांधी की सेहत बिगड़ गई है और राहुल गांधी ईडी की पूछताछ में उलझे हैं।(आरएनएस)


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# हरे धनिये को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए इन तरीकों से करें स्टोर



घर में सब्जी बनी हो या दाल अगर उसके ऊपर धनिये के पत्तों को गार्निश कर दिया जाए तो खाने का स्वाद बढ़ना तय है। इसलिए कई लोग इसे घर में स्टोर करना सही समझते हैं। हालांकि, कुछ ही दिनों में धनिये के पत्ते मुरझा जाते हैं। अगर आपको भी अकसर इसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो आपको किचन टिप्स की जरुरत है। आइए पत्तेदार धनिये को स्टोर करने के तरीके जानते हैं।

अन्य सब्जियों से पत्तेदार धनिया रखें दूर

आमतौर पर लोग पत्तेदार धनिये को अन्य सब्जियों के साथ ही स्टोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। दरअसल, कई सब्जियों में एथिलीन नामक केमिकल मौजूद होता है, जिससे धनिया जल्दी मुरझा सकता है। वहीं, कई सब्जियों में साइट्रिक एसिड होता है, जो धनिये के साथ-साथ अन्य सब्जियों को भी खराब कर सकता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप धनिये को सभी सब्जियों से अलग ही स्टोर करें।

पत्तेदार धनिये को अच्छे से सुखाकर भी स्टोर किया जा सकता है। इसके लिए पहले धनिये की सारी जड़ को तोड़ दे और इसे साफ पानी से धोएं, फिर धनिये को टिश्यू पेपर से पोंछ दें। इसके बाद इन्हें कुछ मिनट धूप में रख दें। ध्यान रखें कि धनिये को कुछ ही मिनट की धूप दिखानी है। इसके बाद पत्तेदार धनिये को एक एयर टाइट कंटेनर में डालकर फ्रिज में रख दें।

जब भी आप बाजार से पत्तेदार धनिया खरीदकर लाएं तो उसे सबसे पहले सामान्य पानी से धोकर धूप में सुखाएं। इसके बाद धनिये को किसी साफ और सूखे सूती कपड़े से पोंछकर एक प्लेट में रखें। ध्यान रखें कि इस दौरान धनिये की डंडी टूटनी नहीं चाहिए क्योंकि इनके टूटने से यह जल्दी खराब हो सकता है। इसके बाद धनिये को पेपर टॉवल में लपेटकर ही फ्रिज में रखें। इससे ये कुछ दिनों तक एकदम फ्रेश रहेगा।

अगर आप यह चाहते हैं कि पत्तेदार धनिया लंबे समय फ्रेश रहे तो इसे कभी काटकर स्टोर न करें क्योंकि इस वजह से इसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, अगर कभी किसी सब्जी या फिर कोई अन्य व्यंजन को बनाते समय कटा हुआ धनिया बच जाए तो इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में स्टोर करके अगले ही दिन इसका इस्तेमाल कर लें। वहीं, अगर धनिया साबूत है तो उसे हमेशा जीप लॉक बैग में स्टोर करें। (आरएनएस)

# गर्दन के कालेपन को करें दूर, अपनाएं ये तरीके

जिस तरह से हम अपने चेहरे की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह हमे अपने पूरे शरीर की देखभाल करना बेहद ज़रूरी हो जाता है. सिर्फ चेहरे के सुन्दर दिखने से हमारी पूरी बॉडी पर असर नहीं होता.

शरीर के हर अंग को साफ़ रखना उतना ही ज़रूरी होता है जितना चेहरे को. ऐसे में हमारी गर्दन एक ऐसा भाग है जो कि साफ़ सफाई के विषय में कई बार पीछे छूट जाता है. जिसके कारण हमारी गर्दन गन्दी दिखने लगती है.वैसे देखा जाये तो गर्दन के कालेपन का कारण डिहाइड्रेशन, टैनिंग भी हो सकता है. कई लोग अपने गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए मार्किट के प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करते हैं. ऐसा करने से भी हमे कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ता है. इसलिए इन महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बजाये आप घरेलू प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं.

खीरा, एलोवेरा जेल और गुलाब जल

सामग्री-

2 बड़ा चम्मच खीरे का रस

*1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

*एक छोटा चम्मच गुलाब जल.

विधि-एक बाउल में इन तीनों सामग्री को मिला लें. इस मिश्रण को कॉटन बॉल की सहायता से अपनी गर्दन पर लगाएं. आपके लिए अच्छा होगा कि इसे आप रात में गर्दन पर लगाएं और ओवरनाइट ऐसे ही लगा रहने दें. नियमित रूप से आप इस मिश्रण को सुबह और रात में सोने से पहले गर्दन पर लगाए. आपको अच्छे रिजल्ट ज़रूर मिलेंगे.

हल्दी , बेसन और दही

सामग्री-

*एक बड़ा चम्मच बेसन

*एक छोटा चम्मच दही

*एक चुटकी हल्दी

विधि-एक बाउल में तीनो सामग्री को मिला लें और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें. इसे अपने गर्दन पर लगाएं याद रखें की ये गर्दन पर सुखना नहीं चाहिए. आप इस उबटन का रोज़ाना इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपको अच्छा रिजल्ट मिल सकता है.(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -064

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# तापसी पन्नू अभिनीत शाबाश मिठू का ट्रेलर 20 जून को रिलीज होगा

तापसी पन्नू की मिताली राज की बायोपिक शाबाश मिठू का नया पोस्टर जारी किया गया। इसमें तापसी के चरित्र को क्रिकेट का बल्ला पकड़े हुए दिखाया गया है क्योंकि वह कैमरे के सामने अपनी पीठ के साथ मैदान पर कदम रखने की तैयारी करती है। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मशहूर कप्तान मिताली दोराई राज के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। 23 साल के करियर में, मिताली ने 4 विश्व कप में भारत का नेतृत्व किया है। कहानी 8 साल की लड़की बनने से लेकर क्रिकेट के दिग्गज बनने के सपने तक के उनके सफर को ट्रैक करती है। प्रिया एवेन द्वारा लिखित और कोलोसियम मीडिया और वायकॉम18 स्टूडियोज द्वारा निर्मित, श्रीजीत मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म, 20 जून को अपने ट्रेलर का अनावरण करेगी, फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में लगेगी।

## गीतिका महेंद्रू ने रुहानियत में सह-कलाकारों के साथ अपने अनुभव साझा किए

वेब सीरीज रुहानियत के सीजन 1 में गौरी का किरदार निभाने के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री गीतिका महेंद्रू का कहना है कि उन्हें यह किरदार निभाना पसंद है। मुख्य रूप से पुणे में शूट किया गया, शूटिंग अब समाप्त हो गई है। गीतिका कहती हैं, आखिरकार यह पूरी हो गई। मुझे व्यक्तिगत रूप से सेट पर गौरी के रूप में मस्ती करना पसंद था। यह किरदार हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि गौरी मेरे लिए क्या है। आप जानते हैं कि गौरी कुछ भी नहीं संभाल सकती, गौरी समाधान के बराबर है। उसने मुझे मेरे जीवन का सबसे यादगार चरित्र दिया है। वेब सीरीज में अर्जुन बिजलानी, कनिका मान, शान ग्रोवर और हर्षित सिंधवानी भी हैं। यह पूछे जाने पर कि वह सबसे ज्यादा क्या मिस करने वाली हैं, गीतिका ने कहा, मेरे सह-अभिनेता और निर्देशक। वे सभी मेरे लिए खास थे। हर्षित के साथ सुधार, अर्जुन की वैन में वह मस्ती, कनिका की वैन में चर्चा, पलक की वैन में गपशप, अरुशी के साथ नृत्य करना, मैं हर चीज को याद करने जा रही हूं। मैं केवल इतना कह सकती हूं कि मैं वास्तव में धन्य हूं।

## निकम्मा का टाइटल ट्रैक मेरे द्वारा सीखा गया सबसे कठिन नृत्य था : शर्ली सेतिया

आगामी फिल्म निकम्मा से बॉलीवुड में कदम रख रहीं अभिनेत्री बनीं शर्ली सेतिया का कहना है कि, इस फिल्म निकम्मा के टाइटल ट्रैक पर डांस करना उनके लिए सबसे कठिन था। फिल्म के टाइटल ट्रैक को गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। अभिनेत्री के अनुसार, जब मैंने पहली बार इसे गणेश आचार्य मास्टरजी के स्टूडियो में देखा था, तो मुझे यकीन नहीं हुआ कि मैं इसके साथ सीखूंगी। यह सबसे कठिन, सबसे तेज कोरियोग्राफी थी जिसे मुझे सीखना था।इस गीत को जावेद मोहसिन द्वारा रचित किया गया है। वहीं इसके बोल दानिश साबरी और संजय छेल द्वारा लिखे गए हैं। ये फिल्म निकम्मा तेलुगु फिल्म मिडिल क्लास अब्बाय पर आधारित है। इसको सब्बीर खान द्वारा निर्देशित किया गया है, इसमे मुख्य भूमिका में इसमें शिल्पा शेट्टी, अभिमन्यु दसानी, समीर सोनी और अभिमन्यु सिंह नजर आ रहे हैं। (आरएनएस)

## आकर्षिका गोयल की कातिलाना तस्वीरें वायरल

दक्षिण फिल्म उद्योग से सनी लियोन के रूप में जानी जाने वाली आकर्षिका गोयल अपने हॉट फ़ोटो शूट, फैशन सेंस और डांस के लिए जानी जाती हैं। आकर्षिका गोयल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। वे आए दिन अपनी तस्वीर और वीडियोज अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इन तस्वीरों में आकर्षिका गोयल अपनी अदाओं से कहर ढाह रही हैं। शायद यही वजह है कि उन्हें साउथ की सनी लियोनी के नाम से भी जाना जाता है।आकर्षिका गोयल, तेलगू, कन्नड़ और पंजाबी फ़िल्मों की उभरती अदाकारा हैं। इन्होंने अभी दुबई में एक्सक्लुसिव एलबम किया है, जो काफी चर्चित एलबम है। मूलत: उत्तरप्रदेश प्रयागराज ( इलाहाबाद ) की रहने वाली आकर्षिका गोयल अपनी दिव्य सुंदरता, ग्रेसफुल एटिकेट्स और माइंडब्लोइंग चार्म को लेकर फेमस हैं। फ़िल्म और एलबम के अलावा वे कई सोप ओपेरा में भी नज़र आ चुकी हैं। वे अब तक कई धारावाहिकों, पत्रिकाओं, फैशन शो, रैंप शो, वेब श्रृंखला, कैटलॉग शूट और रेफरेंस शूट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उनके सोशल मीडिया हैंडल के इंस्टाग्राम और ट्विटर हैंडल पर लगभग 71.3 के से अधिक फॉलोअर्स की संख्या है। एक्ट्रेस आकर्षिका गोयल की फिल्म ना पेरू राजा प्रदर्शित हो चुकी है। वे कहती हैं कि सोशल मीडिया की खास बात है कि ये मुझे अपने फैंस संग डायरेक्ट जुड़ने का मौका देता है। इससे आप फैंस से पर्सनल और प्रामाणिक तरीके से जुड़ सकते हो। मैं ऐसी शख्स हूं जो शब्दों से ज्यादा भावनाओं के माध्यम से बातें कहती हूं। मुझे लगता है कि तस्वीरें मेरे लिए खुद को व्यक्त करने का एक शानदार तरीका हैं।(आरएनएस)

# आयुष्मान में निर्माताओं का विश्वास बरकरार, ड्रीम गर्ल 2 की तैयारी



दो सप्ताह पूर्व बॉक्स ऑफिस पर आयुष्मान खुराना की फिल्म अनेक का प्रदर्शन हुआ था। यह पहली बार था जब किसी फिल्म में आयुष्मान एक्शन अवतार में नजर आए थे। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी आयुष्मान की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल हो गई। इससे पहले भी उनकी फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी बॉक्स ऑफिस पर सफलता को तरस गई थी। लगातार दो असफलताओं के बावजूद निर्माताओं का आयुष्मान में विश्वास बरकरार है। निर्माताओं द्वारा लगातार आयुष्मान को अपनी फिल्मों में लेने का प्रयास जारी है।

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना इंडस्ट्री के टैलेंटेड स्टार्स में से एक हैं। इस समय आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वल चर्चा में है। बताया जा रहा है कि ड्रीम गर्ल के निर्माता फिल्म के सीक्वल की प्लानिंग कर रहे हैं। निर्माताओं ने ड्रीम गर्ल 2 में आयुष्मान खुराना को फिर से रखने का फैसला किया है लेकिन लीड एक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं। गौरतलब है किफिल्म ड्रीम गर्ल में आयुष्मान खुराना के साथ नुसरत भरूचा नजर आई थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, राज शांडिल्य के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के लिए कई अभिनेत्रियों के नाम सामने आए हैं लेकिन सारा अली खान इनमें सबसे आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्माता एक युवा लडक़ी की तलाश कर रहे हैं और सारा अली खान इसमें बिल्कुल फिट बैठती हैं। निर्माता पहले ही सारा अली खान से संपर्क कर चुके हैं और उनसे बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, सारा अली खान ने अभी तक हां नहीं किया है।

फिल्म ड्रीम गर्ल 2 इस साल के आखिर तक फ्लोर पर जाने वाली है। अगर सारा अली खान इस फिल्म में नजर आती हैं तो ये पहला मौका होगा जब वह आयुष्मान खुराना के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना फिल्म डॉक्टर जी में रकुल प्रीत सिंह और शेफाली शाह के साथ काम करते दिखाई देंगे। वहीं, सारा अली खान फिल्म गैसलाइट में विक्रांत मैसी के साथ और लक्ष्मण उतरेकर की फिल्म में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी।

# सलमान की कभी ईद कभी दीवाली का नाम बदलकर हुआ भाईजान

सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली बीते कई दिनों से किसी न किसी बदलाव को लेकर खबरों में है। स्टारकास्ट में कई उलटफेर के बाद अब खबर है कि सलमान की फिल्म का नाम एक बार फिर बदल गया है। कभी ईद कभी दीवाली अब फिर से भाईजान कहलाएगी। बता दें कि फिल्म की घोषणा इसी नाम के साथ हुई थी। हाल ही में फिल्म की कमान प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला से सलमान खान के हाथ में आई है।

कुछ दिन पहले फिल्म से अभिनेता आयुष शर्मा बाहर हुए थे। आयुष के बाहर होने की खबर सुर्खियों में रही और खान परिवार में अनबन तक की चर्चा होने लगी। फिल्म के एक और अभिनेता जहीर इकबाल को भी रिप्लेस किया जा चुका है। अब फिल्म में जेस्सी गिल और सिद्धार्थ निगम नजर आएंगे। फिल्म में नायिकाओं की बात करें तो बिग बॉस फेम शहनाज गिल फिल्म से अपना डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी।

बता दें कि यह फिल्म अभिनेता अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े के साथ शुरू हुई थी। बाद में इन्हें आयुष और जहीर इकबाल से रिप्लेस किया गया। बाद में इन दोनों अभिनेताओं के साथ भी बात नहीं बनी और वे भी इस फिल्म से बाहर हो गए। खबर यह भी थी कि अपनी डेब्यू फिल्म को इस तरह लटकता देख शहनाज भी इसे करने पर दोबारा विचार कर रही थीं।

यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी है, जिसमें जेस्सी और सिद्धार्थ सलमान के भाइयों की भूमिका में रहेंगे। यह एक ऐसे परिवार की कहानी है जिसमें ईद और दीवाली दोनों मनाए जाते हैं। चर्चा है कि फिल्म का प्लॉट सलमान के परिवार के इर्द-गिर्द है। भाईजान में साउथ स्टार वेंकटेश भी हैं। फिल्म में सलमान और पूजा रोमांस करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी कर रहे हैं, वहीं इसके प्रोड्यूसर सलमान खान हैं।

भाईजान इस साल 30 दिसंबर को रिलीज होनी है। रिपोर्ट्स के अनुसार हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग चल रही है। सलमान पिछली बार पर्दे पर मई 2021 में फिल्म राधे में नजर आए थे। भाईजान के अलावा सलमान चर्चित फ्रैंचाइजी एक था टाइगर की अगली फिल्म की भी घोषणा कर चुके हैं। टाइगर 3 अप्रैल 2023 में रिलीज होगी। (आरएनएस)

# 12 साल बाद साथ दिखेंगे ऐश्वर्या राय-रजनीकांत

ऐश्वर्या राय और रजनीकांत स्टारर फिल्म रोबोट 2010 में आई थी। यह उस साल की सबसे हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म के ऐक्शन पैक्ड सीन, गाने और दोनों स्टार्स की जोड़ी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। प्रशंसकों को जल्द ही यह जोड़ी दूसरी बार पर्दे पर देखने को मिलने वाली है। रिपोर्ट्स हैं कि ऐश्वर्या ने रजनीकांत के साथ एक और फिल्म साइन की है। रिपोर्ट के अनुसार, रोबोट के 12 साल बाद ऐश्वर्या और रजनीकांत फिर से फिल्म में साथ काम करने वाले हैं। हाल ही में ऐश्वर्या ने बताया था कि उन्होंने रजनीकांत के साथ फिल्म थलाइवर 169 साइन की है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त से शुरू होगी। फिल्म के लिए ऐश्वर्या ने अपनी डेट्स तय कर ली हैं। खबर है कि इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा के अभिनेता शिवराजकुमार भी नजर आएंगे।

कन्नड स्टार शिवराजकुमार थलाइवर 169 को साइन करके काफी खुश हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि वह बचपन से रजनीकांत के प्रशंसक हैं। ऐसे में उनके साथ काम करना काफी खुशी की बात है। शिवराज, शिवन्ना के नाम से मशहूर हैं। खबर है कि शिवन्ना रजनीकांत के साथ इस फिल्म की शूटिंग सितंबर में करेंगे। फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रही है। इसका निर्देशन नेलसन दिलीपकुमार कर रहे हैं।

2010 की साइंस फिक्शन ऐक्शन फिल्म रोबोट को 130 करोड़ रुपये में बनाया गया था। फिल्म का आधिकारिक नाम एंथिरन है। इसकी सीक्वल फिल्म 2.0 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार थे। रोबोट 3.0 का भी ऐलान हो चुका है।

थलाइवर 169 के अलावा रजनी फैन्स को उनकी फिल्म चंद्रमुखी 2 का इंतजार है। इस फिल्म में रजनीकांत के साथ राघव लॉरेंस और अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी नजर आएंगी। पी वसु द्वारा निर्देशित हॉरर फिल्म चंद्रमुखी 2005 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर्स में ढाई साल यानी कि करीब 800 दिनों तक चली। 2020 में पी वसु ने इसके सीक्वल का ऐलान किया था। सुपरस्टार रजनीकांत स्टारर यह फिल्म जनवरी 2023 में रिलीज होगी।

थलाइवर 169 के अलावा ऐश्वर्या मणिरत्नम की फिल्म पन्नियन सेलवन 1 में दिखेंगी। इस फिल्म में ऐश्वर्या अपने पति अभिषेक बच्चन के साथ नजर आएंगी। अभिषेक के साथ पर्दे पर कमबैक करने को लेकर ऐश्वर्या काफी खुश हैं। उन्हें उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट हिट साबित होगा। बता दें कि ऐश्वर्या और अभिषेक ढाई अक्षर प्रेम के, सरकार राज, धूम 2, गुरु, उमराव जान जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। ऐश्वर्या इससे पहले मणिरत्नम के साथ गुरु, रावण और इरुवर में काम कर चुकी हैं। गुरु उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के जीवन पर आधारित थी। तीनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। ऐश्वर्या मणिरत्नम की इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। अब वह अपने परिवार को ही पूरा समय देना चाहती हैं।

# साधो देखो जग बौराना

गनेशी लाल

भारत एक ऐसा देश है, जहां अनेक धर्म, अनेक भाषाएं, अनेक जातियां, अनेकों वर्ग संप्रदाय एक साथ मिलकर रहते हैं। यही कारण है कि भारत को विविधता में एकता वाले देश के नाम से दुनिया में जाना जाता है और यही उसकी खूबसूरती भी है। लेकिन कुछ वर्षों से तथाकथित धार्मिक लोग इस देश का आधा से ज्यादा भाग अलग करने में लगे हुए हैं वे चाहते हैं कि भारत की विविधता को खत्म करके एक संकुचित सांप्रदायिक अड्डा बना दिया जाए; बाकी लोग जो सनातन से भाई-बंधु की तरह इस देश में रह रहे थे उनके अस्तित्व को खत्म कर दिया जाए। इसी मानसिकता के कारण आए दिन देश में हिंदू मुस्लिम दंगे भड़कते रहते हैं और दूरदर्शन पर जो वैचारिक बहसें होती हैं वह आजकल बच्चों की अबोध लड़ाई की तरह हो गई हैं।

ज्ञान-विज्ञान, तर्क-वितर्क का देश में कोई खास महत्व नहीं रह गया। धर्म और राजनीति वैसे तो दुनिया के लगभग सभी देशों में कलह के माध्यम रहे हैं। कोई ऐसा समय नहीं रहा जब धर्मों ने राजनीति से मिलकर कोई विवाद शुरू करके आम जनता को त्रस्त न किया हो। लेकिन आज जब दुनिया चांद और मंगल तब तक पहुंच गई है, उत्तर-आधुनिक युग चल रहा है विज्ञान का विकास चरमोत्कर्ष को प्राप्त कर चुका है। ऐसे समय में छोटे-मोटे धार्मिक संकुचित मुद्दों में देश को अपना समय नहीं बर्बाद करना चाहिए। यदि हम ऐसे निरर्थक कार्यों में अपना वक्त जाया करेंगे तो आने वाले समय की सामयिक चुनौतियों से निपट नहीं सकेंगे। आज देश में जनसंख्या विस्फोट, जल संकट, प्राकृतिक खतरे, शैक्षिक अव्यवस्था इत्यादि कुछ ऐसे जरूरी विषय हैं जिन पर चर्चा करके उनका निराकरण ढूंढना अत्यावश्यक। आज हम देश की साझा संस्कृति को निरंतर नष्ट करते जा रहे हैं, आदिवासियों को खत्म करते जा रहे हैं प्रकृति के साथ प्रकृति से लापरवाही के साथ खिलवाड़ कर कर रहे है जिसके फलस्वरूप तमाम प्राकृतिक संकट गहराता जा रहे हैं; देश की राजधानी दिल्ली में सीमा से अधिक प्रदूषण इस बात का पुख्ता प्रमाण है। कई नदियों, जलाशयों में पानी नहीं रह गया है पानी के नाम पर उनमें केवल मल मूत्र बह रहा है। उदाहरण के लिए - मथुरा वृंदावन में -जहां यमुना कभी ( के समय) जीवन का केंद्र थी, कवियों के काव्य की सुंदरता थी आज मल मूत्र में परिवर्तित हो गई है। गंगा जिसे भारतीय मनीषा में सुरसरि कहा गया है आज प्रदूषण और गंदगी से तबाह है उसका जल आचमन करने के लायक भी नहीं बचा है। यह तो रहीं प्राकृतिक समस्याएं; अब ज़रा आज की महंगाई - आम आदमी के प्रयोग में लाई जाने वाली सारी चीजें जैसे तेल, गैस, दाल और पेट्रोल इत्यादि लगभग दुगुना दाम में बिक रहे हैं। कंपटीशन की तैयारी करने वाला विद्यार्थी जो कर्ज लेकर तैयारी करता है वह फांसी लगाकर मरने के लिए मजबूर है। परीक्षा देने के बाद रिजल्ट नहीं आता रिजल्ट आया तो 6 साल तक मामला न्यायालयों में चलता। अकादमिक दुनिया की हालत ऐसी है जहां कोई नियम कानून शेष नहीं रह गया, पीएच.डी चयन का पैटर्न कैसा होना चाहिए देश के बड़े-बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की का इससे कोई सरोकार नहीं है। कभी कोई यह नहीं सोचता कि चयनित शोधार्थी किस आधार पर चयनित किए गए हैं। यह किसी एक विश्वविद्यालय की स्थिति नहीं है देश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों की कमोबेश हालत यही है।

ऐसे अनेक जरूरी विषयों को छोड़कर देश की राजनीतिक सत्ताएं और हमारा समाज निरर्थक धार्मिक बहसों में उलझा पड़ा है, इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ कर सांप्रदायिक दंगे भड़काने की पूरी की पूरी व्यवस्था की जा रही है। ऐसे नाजुक समय में कबीर का याद आ जाना स्वाभाविक है। मध्यकाल में पैदा हुए भारत के अन्यतम संतो में से एक कबीर को जाना जाता है कबीर ने अपने समय की धार्मिक बुराइयों, सांप्रदायिक विद्वेष तथा अमानवीय और अराजक शक्तियों के खिलाफ अपनी भक्ति और साधना के माध्यम से समाज में बिगुल बजाया था। कबीर न हिंदू के हैं, न मुसलमान के। वे उन सभी लोगों के पुरखे हैं जो समाज में मनुष्यता और इंसानियत की बरकत चाहते हैं। अपने समय में उन्होंने जो-जो बातें कही हैं; उनको पढ़ कर ऐसा लगता है जैसे वे सारी बातें आज और अभी कही गई हों। वर्तमान समय में हमारे देश में ज्ञानवापी मस्जिद मामला, मथुरा-आगरा तथा कानपुर इत्यादि जगहों पर भड़क रहे हिंदू मुस्लिम दंगे बरबस कबीर के उस पद की याद दिला देते हैं -

साधो, देखो जग बौराना ।

साँची कही तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना ।

हिन्दू कहत,राम हमारा, मुसलमान रहमाना ।

आपस में दौऊ लड़ै मरत हैं, मरम कोई नहिं जाना ।

कहै कबीर सुनो भाई साधो, इनमें कौन दिवाना

कबीर की ये पंक्तियां सिर्फ पंक्तियां नहीं हैं, अगर गौर किया जाए तो आज की इन जटिल समस्याओं का सोचा समझा हल है। आज कबीर को याद करते हुए हम यह पाते हैं कि हमारे यहां कबीर के विचारों को जितना आत्मसात किया जाना चाहिए उतना नहीं किया जा सका। शायद ऐसा होता तो आज लगभग ८०० वर्षों बाद भी कबीर हमारे सामने वैसे के वैसे ना बने होते। आज भी हमारा समाज अपने ईश्वर को कांकर पाथर द्वारा बनाई गई मस्जिदों और तथाकथित धर्म के ठेकेदारों के निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु बनाए गए मंदिरों में अपने ईश्वर को खोजता है ऐसे समय में कबीर का निम्नांकित पद विचार करने योग्य है -

मोको कहां ढूँढ़े रे बन्दे मैं तो तेरे पास में।

ना तीरथ मे ना मूरत में ना एकान्त निवास में

ना मंदिर में ना मस्जिद में ना काबे कैलास में

खोजी होय तुरत मिल जाऊं इक पल की तालास में

कहत कबीर सुनो भई साधो मैं तो हूं विश्वास में।

कबीर का संपूर्ण जीवन दर्शन प्रकृति के साथ चलकर उस निराकार ईश्वर की साधना तक पहुंचाने वाला है, जहां न कोई सामाजिक कुरीति है, न कोई बंधन है, न कोई धार्मिक ठेकेदार है और न कोई धार्मिक संस्थान। अंततः कबीर का संपूर्ण चिंतन विकृत मनुष्य को मनुष्य बनाने वाला है। पोथी-पत्रा, गीता, कुरान, बाइबल इत्यादि से परे कबीर मानवीय जीवन की हिमायत करते हैं और जीवन को गति और मति प्रदान करने वाले अमृत स्वरूप तत्व प्रेम की वकालत करते हैं कबीर कहते हैं-

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पण्डित भया न कोय।

ढाई आखर प्रेम के, पण्डित होय॥

आज हमने ज्ञान विज्ञान के अनेक आविष्कार कर लिए हैं, 14 वीं शताब्दी से 21वीं शताब्दी में पैर रख चुके हैं; फिर भी मानवोचित व्यवहार क्या होना चाहिए, कैसा होना चाहिए, यह हम नहीं जान सके । ऐसे में कबीर का उपर्युक्त दोहा हमें चिंता में डाल सकता है। आज महान् संत कबीरदास की जयंती पर उनके लिए सच्ची स्मरणांजलि यही होगी कि - हम उनकी बातों पर विचार करें, हमारे समय की कसौटी में जो बातें खरी उतरें - उनकी उन बातों को आत्मसात करें और एक मुकम्मल मानवीय एवं समरस समाज का निर्माण करने का सार्थक प्रयास करें।

(लेखक शोधार्थी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा है)

## सू- दोकू क्र.64

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.63 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भारत जैसा कोई और नहीं

वेद प्रताप वैदिक

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य 57 देश हैं। आश्चर्य है कि अभी तक सिर्फ 16 देशों ने ही अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली में हुए पैगंबर-कांड पर शेष मुस्लिम राष्ट्र अभी तक क्या विचार कर रहे हैं, कुछ पता नहीं। शायद वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर भाजपा प्रवक्ता ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में वास्तव में कहा क्या है? जो कुछ टीवी चैनल पर कहा गया है और बाद में टवीट किया गया है, उसे पूरी तरह से हटा लिया गया है। इसीलिए अब उसके विरुद्ध जो कुछ भी कहा जाएगा, वह किसी अन्य स्रोत से जानकर कहा जाएगा। यह भारत-विरोधी अभियान अब वैसे ही चलेगा, जैसे कि अफवाहों के दम पर कई अभियान चला करते है। भारत सरकार के प्रवक्ता और हमारे राजदूतों ने सभी देशों को आगाह कर दिया है कि भारत सरकार का इस तरह के निरंकुश बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है लेकिन दुनिया के सभी इस्लामी देशों में भारत को बदनाम करने का अभियान अभी जोरों से चलता रहेगा। भारत सरकार इसकी काट करती रहेगी लेकिन उसको इससे डरने की कोई जरुरत नहीं है।

यदि कोई देश भारत से संबंध तोड़ता है तो उससे भारत का नुकसान जरुर होगा लेकिन उस देश का नुकसान भारत से कहीं ज्यादा होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंध कभी भी एकतरफा नहीं होते। जहां तक मोदी सरकार का सवाल है, उसने इस्लामी राष्ट्रों के साथ अपने संबंध काफी घनिष्ट बनाए हैं। यदि मोदी खुद भी एक बयान जारी करके इस्लामी राष्ट्रों की समझ को ठीक कर दें तो इसमें कोई बुराई नहीं है। जैसे उन राष्ट्रों ने भारत का विरोध करके एक औपचारिकता निभाई है, वैसे ही मोदी भी कूटनीतिक औपचारिकता निभा सकते हैं।

इस मामले को लेकर कानपुर में जरुर तोड़-फोड़ हुई है लेकिन देश के हिंदुओं और मुसलमानों ने काफी संयम का परिचय दिया है। शिवलिंग और पैगंबर के बारे में कही गई आपत्तिजनक बातों को उन्होंने अपने जी से नहीं लगाया और वे सारा तमाशा भौंचक होकर देख रहे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं के भड़काने का कोई खास असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि देश के 89 प्रतिशत हिंदू और 85 प्रतिशत मुसलमान किसी भी अन्य धर्म के लोगों को ठेस पहुंचाने के विरुद्ध हैं। जो 10-15 प्रतिशत लोग ऐसा नहीं मानते, उनका कहना है कि किसी को भी अच्छा लगे या बुरा, सच तो सच है। भारत में दर्जनों देशी और विदेशी धर्म और संप्रदाय सैकड़ों वर्षों से फल-फूल रहे हैं। क्या दुनिया का कोई अन्य देश ऐसा है, जिसमें इतनी विविधता हो और उसके साथ-साथ इतनी सहिष्णुता भी हो? इस अनन्य भारतीय संस्कार का ही परिणाम है कि भारत के मुसलमान, ईसाई, यहूदी, अहमदिया और बहाई लोग अपने विदेशी स्वधर्मियों के मुकाबले अधिक उदार, अधिक भक्तिमय और अधिक मानवीय हैं।

# सुनैना की फिल्म रेजिना का फर्स्ट लुक जारी

निर्देशक वेंकट प्रभु ने निर्देशक डोमिन डिसिल्वा की महिला केंद्रित फिल्म रेजिना का पहला लुक जारी किया, जिसमें अभिनेत्री सुनैना मुख्य भूमिका में हैं। ट्विटर पर लेते हुए, वेंकट प्रभु ने कहा, सुनैना अभिनीत, रेजिना का आधिकारिक फर्स्ट लुक प्रस्तुत करना, मेरे प्रिय मित्र सतीश नायर द्वारा निर्मित और संगीत। डोमिन डिसिल्वा द्वारा निर्देशित तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज हो रही हैवेंकट प्रभु ने जहां फिल्म के तमिल, तेलुगु और हिंदी के फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किए, वहीं मलयालम पोस्टर जाने-माने मलयालम निर्देशक आशिक अबू द्वारा जारी किया गया। यह फिल्म, जो एक निर्देशक के रूप में तमिल सिनेमा में डोमिन डिसिल्वा के प्रवेश की शुरूआत करेगी, का निर्माण येलो बियर प्रोडक्शन एलएलपी द्वारा किया जा रहा है।

डोमेन अपनी मलयालम फिल्मों जैसे पिपिन चुवाटिले प्राणायाम और स्टार के लिए जाना जाता है। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि रेजिना एक स्टाइलिश थ्रिलर होगी जो एक साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है जो असाधारण चीजें हासिल करती है। फिल्म के लिए संगीत इसके निर्माता सतीश नायर द्वारा तैयार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि गाने को चार भाषाओं में डब किया जा रहा है और उनमें से कुछ को सिंगापुर में रिकॉर्ड किया गया है। (आरएनएस)



आज श्रीबदरीनाथ धाम में मुख्यमंत्री ने भगवान बद्रीविशाल के दर्शन किए। दर्शन करने के बाद समाजसेवी और इंडियन रेडक्रॉस के राज्य कोषाध्यक्ष एवं उत्तराखंड आंदोलनकारी मोहन खत्री को माला पहनाकर समानित किया।

## हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने व प्रदेश मे बम धमाके कराने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर रोड निवासी उत्तराखण्ड रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक जून उसके फेसबुक के माध्यम से अनेक मैसेज आये जिसमे एक अनजान व्यक्ति द्वारा हिन्दू देवा देवताओं तथा हिन्दू धर्म के सम्बन्ध मे आपत्ति जनक एवं अशोभनीय बाते कही गयी जिसमें उसने भी घोर आपत्ति जनक अशोभनीय गाली गलौज दी गयी। इसके अतिरिक्त 6 जून को भी इसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल से उसके फोन नम्बर ९९२७०६७०२८ पर कॉल करके प्रार्थी को आपत्तिजनक बाते कही गयी साथ ही उसके द्वारा हिन्दू देवी देवताओं तथा हिन्दू धर्म के प्रति अशोभनीय गाली गलोज की गयी साथ में यह कहा गया कि वह अफगानिस्थान से तालिब बोल रहा है वह उसके उत्तराखण्ड को बम से धमाको से दहला दूँगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### हल्द्वानी में प्रदर्शनकारी युवाओं पर... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

की तैयारी में जुटे युवा अब उम्र सीमा से बाहर हो गए हैं। भर्ती के लिए जो फिजिकल और मेडिकल टेस्ट उन्होंने दिए थे उन्हें भी रद्द कर दिया गया है। उनका आरोप है कि सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है।

उधर कोटद्वार में भी आज बड़ी संख्या में युवाओं ने सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन किया है। यहां पहले यह युवा तहसील परिसर में जमा हुए और यहां केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी युवाओं ने इसके बाद एनएच 534 पर जाम लगा दिया जिसके कारण सड़क पर लंबी-लंबी वाहनों की कतारें लग गई। हालांकि पुलिस के समझाने बुझाने पर सड़क को खोल दिया गया उधर पिथौरागढ़ में भी इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन जारी है।

### कांग्रेस युवाओं को भड़का रही है.. ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

थे जब इन कानूनों को वापस ले लिया गया तो यही प्रवक्ता कानून वापस लेने पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दे रहे थे। उन्होंने कहा कि क्या नोटबंदी और जीएसटी के निर्णय ठीक थे? उन्होंने भाजपा प्रवक्ताओं के बारे में कहा कि वह सिर्फ अपने आकाओं के होते हैं। उनकी किसी बात का कोई मतलब नहीं है। युवाओं को कौन भड़काएगा क्या वह पढ़े-लिखे नहीं है या उन्हें अपने अच्छे बुरे की समझ नहीं है। भाजपा नेताओं को ऐसा लगता है कांग्रेस तो हर बात का विरोध कर रहती है तब क्या कांग्रेस भाजपा के गलत निर्णयों और थोपे हुए फैसलों को स्वीकार करने के लिए है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ को लेकर युवाओं में जो आक्रोश है वह जायज है।

### 24 जून से शुरु होगी अग्निवीरों की.. ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

जनरल पांडे ने कहा कि अगले २ दिनों के भीतर https://joinindianarmy.nic.in पर अधिसूचना जारी की जाएगी। उसके बाद सेना भर्ती का विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। बता दें कि सरकार ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती की नई योजना अग्निपथ की घोषणा की है जिसमें भर्ती होने वाले अग्निवीरों का कार्यकाल चार वर्ष रखा गया है। देशभर में युवा इसके विरोध में आंदोलन और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आंदोलन को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार की रात एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों को पहले वर्ष यानी २०२२ में अधिकतम आयु सीमा में २ वर्ष की छूट दी है।

# केन्द्र सरकार पर विपक्षी नेताओं का उत्पीडन करने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। केन्द्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं का उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां महानगर कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि केन्द्र की वर्तमान सरकार द्वारा राजनैतिक प्रतिशोध और द्वेष की भावना से प्रेरित होकर सरकारी एजेसियो का दुरूपयोग करते हुए विपक्षी दलो के नेताओं का उत्पीडन कर रही है। जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। उन्होने कहा



कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाही इसी बात का द्योतक है। ज्ञापन देने वालो में अमृत कौशल, हरिन्दर सिंह बेदी, अमित कण्डारी, बाला भामरी, राजकुमार, सोमप्रकाश बाल्मीकि आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पेट्रोल की कमी की भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पेट्रोल की कमी की भ्रामक सूचना फैलाकर लोगों को गुमराह करने वालों के खिलाफ जिला पूर्ति निरीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में कुछ दिनो से राजधानी में पेट्रोल की कमी की सूचनाएं फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया पर चल रही थी जिसको जिलाधि कारी डा0 आर राजेश कुमार ने गम्भीरता से लेते हुए अपने अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिये थे। जिसके चलते जिला पूर्ति निरीक्षक सुनील देवली ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को कुछ लोगों के नाम की सूची व उनके द्वारा फैलाये जा रहे भ्रामक प्रचार की प्रमाण भी सौंपे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून को भरत विहार निवासी वंशीकरण शर्मा ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि घर से मोबाइल पोको, एक हेयर ड्रायर, एक घड़ी नॉइस फिट जो हमारे घर पर अलमारी में रखे थे साथ ही कुछ नकदी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लेबर कॉलोनी तिराहे के पास से दो लोगो को चोरी किए गए माल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होने अपने नाम गोविंद राम पुत्र सुरेश राम निवासी सर्वहारा नगर काले की ढाल, राजन कश्यप पुत्र राजवीर सिंह निवासी सर्वहारा नगर काले की ढाल ऋषिकेश बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय मे पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## स्कूल गयी युवती लापता

संवाददाता

देहरादून। स्कूल गयी युवती लापता हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी व्यक्ति ने रायपुर थाने मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी घर से स्कूल के बहाने गई थी पर वापस नही आई जिसकी सारी जगह तलाश कर लिया गया है उसका कहीं पता नही चल पा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दून में लम्बे समय से अवैध कैसिनों का संचालन, पुलिस कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह ?

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून की मित्र पुलिस किस तत्परता से अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रही है इसकी बानगी सहसपुर थाना क्षेत्र में सामने आयी है। यहां लम्बे समय से चल रहे कैसिनों में जब एसटीएफ ने छापेमारी की तो इसका खुलासा हुआ कि यहां बड़े पैमाने पर जुआ खिलाया जाता है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्षेत्र में लगातार गश्त का दावा करने वाली स्थानीय थाना पुलिस को इस अवैध कैसिनो की भनक तक नहीं थी?

बीते दिवस एसटीएफ व सहसपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए होर्यवाला स्थित संजीवनी रिजार्ट में छापेमारी की। यहां से संयुक्त टीम द्वारा 25 जुआरियों को गिरफ्तार कर 23 सौ क्वाइन व 1 लाख 22 हजार की नगदी बरामद की थी। पकड़े गये जुआरियों में कई प्रदेशों के लोग भी शामिल थे जिनसे पता चला कि इस रिजार्ट में लम्बे समय से अवैध कैसिनों का संचालन हो रहा है

### ❑ आखिर क्यों भनक नहीं लग सकी स्थानीय थाना पुलिस को


जहां जुए के साथ-साथ जुआरियों को शराब व युवतियां भी उपलब्ध करायी जाती रही है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि इतने बड़े पैमाने पर सहसपुर क्षेत्र में चल रहे अवैध कैसिनों की स्थानीय थाना पुलिस को भनक क्यों नहीं लगी? क्या थाना पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी सही बजा रहे थे? जबकि हर थाना पुलिस का दावा होता है कि हर रोज क्षेत्र में गश्त होती है, चीता पुलिस क्षेत्र में मौजूद रहती है और तो और एलआईयू की ओर से भी हर थाना क्षेत्र में एलआईयू कर्मी मौजूद रहते है। राजधानी दून में शासन-प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद लम्बे समय से अवैध कैसिनों का संचालन पुलिस कार्यशैली की पोल खोलने के लिए काफी है। सूत्रों का यहां तक दावा है कि राजधानी दून के तकरीबन हर थाना क्षेत्र में नशा, सट्टा व जिस्म फरोशी सहित कई अन्य कई तरह के अवैध कारोबार चलते है लेकिन मित्र पुलिस को या तो इसकी भनक नहीं लगती या फिर पुलिस इनकी तरफ से आखें मूंद लेती है।




## एक नजर

# देश की जनता क्या चाहती है, ये बात प्रधानमंत्री नहीं समझतेः राहुल गांधी

नई दिल्ली। अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, अग्निपथ– नौजवानों ने नकारा, कृषि कानून– किसानों ने नकारा, नोटबंदी– अर्थशास्त्रियों ने नकारा, जीएसटी– व्यापारियों ने नकारा। देश की जनता क्या चाहती है, ये बात प्रधानमंत्री नहीं समझते क्योंकि उन्हें अपने मित्रों की आवाज के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता। वहीं, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मांग की कि इस योजना को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, २४ घंटे भी नहीं बीते कि भाजपा सरकार को नयी आर्मी भर्ती का नियम बदलना पड़ा। मतलब, योजना जल्दबाजी में युवाओं पर थोपी जा रही है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी जी, इस योजना को तुरंत वापस लीजिए, वायुसेना की रुकी भर्तियों में नियुक्ति और परिणाम दीजिए। सेना भर्ती को (आयु में छूट देकर) पहले की तरह कीजिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दशकों पुरानी रक्षा भर्ती प्रक्रिया में आमूल–चूल परिवर्तन करते हुए तीनों सेनाओं में सैनिकों की भर्ती संबंधी अग्निपथ योजना की मंगलवार को घोषणा की थी।


Rahul Gandhi
@RahulGandhi

अग्निपथ - नौजवानों ने नकारा

कृषि कानून - किसानों ने नकारा

नोटबंदी - अर्थशास्त्रियों ने नकारा

GST - व्यापारियों ने नकारा

देश की जनता क्या चाहती है, ये बात प्रधानमंत्री नहीं समझते क्यूंकि उन्हें अपने 'मित्रों' की आवाज़ के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता।

9:58 AM · Jun 17, 2022

47.1K Reply Copy link

Read 7.1K replies

# कांग्रेस नेता व सांसद मनीष तिवारी ने किया 'अग्निपथ' योजना का समर्थन!

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता एवं सांसद मनीष तिवारी ने अग्निपथ योजना को लेकर बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी के रुख से अलग विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नयी अग्निपथ योजना सही दिशा में एक बहुत जरूरी सुधार है और सशस्त्र बलों को रोजगार गारंटी कार्यक्रम नहीं होना चाहिए। तिवारी ने कहा, यह एक ऐसा सुधार है जिसकी बहुत जरूरत है और यह सही दिशा में एक सुधार है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, मैं अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया को लेकर चिंतित युवाओं के साथ सहानुभूति रखता हूं। वास्तविकता यह है कि भारत को अत्याधुनिक हथियारों से लैस प्रौद्योगिकी के लिए युवा सशस्त्र बल की आवश्यकता है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, सशस्त्र बलों को रोजगार गारंटी कार्यक्रम नहीं होना चाहिए। मनीष तिवारी का बयान उनकी पार्टी के रुख के विपरीत है, क्योंकि कांग्रेस ने इस योजना पर सरकार की आलोचना की है और इसे स्थगित रखने की मांग भी की है।



# पूर्व सैनिक को सेना का अधिकारी बनकर ठगे 95 हजार रुपए

संवाददाता

देहरादून। पूर्व सैनिक डेरी संचालक को सेना का अधिकारी बनकर 95 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शमशेर गढ निवासी पूर्व सैनिक नवीन नेगी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हूँ और देहरादून में डेरी का व्यवसाय कर रहा हूँ। 7 जून को उसके पास मोबाईल से उसके मोबाईल नम्बर पर कॉल आया जिसने अपनी परिचय मंजीत सिंह देते हुए बताया कि वह भारतीय सेना में है व गढ़ी कैण्ट में नियुक्त है। उसके द्वारा उससे कहा गया कि उसे अपनी यूनिट के लिए डेरी प्रोडक्टस की आवश्यकता है। उसके द्वारा मुझे सामन की लिस्ट व्हट्सएप पर भेजी गयी थी। उसको लगा की मंजीत भारतीय सेना से है और उस पर विश्वास करते हुए उसनें उसको उसकी लिस्ट के अनुसार बिल बनाकर भेज दिया।

अगले दिन उसको मोबाईल नम्बर से कॉल प्राप्त हुयी जिन्होंने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह आर्मी के गढी कैण्ट कार्यालय के एकाउण्ट सैक्शन से बोल रहा है और उसके खातें में सामान का पैसा डालने के लिए सत्यापन करने हेतु उसको जो दिशा-निर्देश दिये गये थे उनका पालन करने पर मेरे पीएनबी बैंक के खाता संख्या 95 हजार 370 रूपये की कटौती हो गयी थी, जिससे उसको एहसास हुआ कि अज्ञात साईबर ठगों ने आर्मी वाला बनकर उसके साथ साईबर ठगी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम हो, इसके लिए सरकार संकल्पबद्धः धामी

कार्यालय संवाददाता

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को श्री बद्रीनाथ पहुँचकर मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान सीएम ने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, एराइवल प्लाजा, झीलों का सौन्दर्यीकरण, अस्पताल का विस्तारीकरण, लूप रोड व बीआरओ वाईपास निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्यमंत्री को मास्टर प्लान के तहत प्रथम चरण में संचालित कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के चारों धामों में हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ रही है। तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम हो, इसके लिए सरकार संकल्पबद्ध है। कहा कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बद्रीनाथ धाम में भी तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ढांचागत विकास कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से बद्रीनाथ धाम में विकास कार्य किए जाएंगे। मास्टर प्लान के तहत स्ट्रीट स्कैपिंग, क्यू मैनेजमेंट,



मंदिर एवं घाट सौंदर्यीकरण, तालाबों का सौंदर्यीकरण, बद्रीश वन, पार्किंग फैसिलिटी, सड़क एवं रिवर फ्रंट डेवलपमेंट आदि निर्माण कार्य चरणबद्ध ढंग से किए जाएंगे और बदरीनाथ मंदिर के चारों ओर श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

**❏मुख्यमंत्री ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ धाम की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम को भी विकसित करने हेतु मास्टर प्लान के तहत चरणबद्ध ढंग से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। जिसमें पहले चरण का कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान श्री बद्रीनाथ की विशेष पूजा अर्चना करते हुए देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना भी की। बद्रीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, एडीएम आशीष त्रिपाठी, एसडीएम कुमकुम जोशी, सीओ धन सिंह तोमर, सीओ नताशा सिंह, सहकारी बैंक अध्यक्ष गजेंद्र रावत, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मास्टर प्लान से संबधित जिला स्तरीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## साले की जगह जीजा पहुंचा परीक्षा देने

देहरादून (सं)। साले की जगह परीक्षा देने पहुंचे जीजा को कालेज वालों ने पकड लिया लेकिन वह मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकादमी आफ मैनेजमैट स्टडीज के परीक्षा इंचार्ज सचिन कुमार ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरआरबी(एनटीपीसी)सीबीटी-2 कि परीक्षा का आयोजन तीन पारीयो मे हो रहा था। अकादमी आफ मैनजमैन्ट स्टडीज मे इस परीक्षा का आयोजन रेलवे विभाग द्वारा किया जा रहा है आज तृतीया पाली मे परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र मे पूर्व की भाँती अभ्यर्थीयो कि विधीवत दस्तावजे की चौकिग एवम आधार बायोमैट्रिक का मिलान किया जा रहा था इस क्रम मे तृतीया पाली मे रुपेन्द्र पुत्र भवँर सिह पता मौहल्ला बघोल वाजिगंज जनपद बदांयू की परीक्षा थी। परीक्षा केन्द्र पर रुपेन्द्र का आधार मिलान (ब्रायोमैटिक एव रैटीना) एवम हस्ताक्षर का मिलान कराया गया। परन्तु वह मैच नही हो सका। इससे रुपेन्द्र पर शक हो गया उसके बाद रेलवे अधिकारियो द्वारा जब उससे पुछताछ की गई तो उसने अपना वास्तिवक नाम राजू पुत्र महिपाल सिह ग्राम दौलतपुर कला जिला बुलन्दशहर बताया एवम यह भी बताया कि रुपेन्द्र इसका साला है । और वह उसकी जगह परीक्षा दे रहा है। पूर्व मे सीबीटी -1 परीक्षा भी उसने ही रुपेन्द्र की जगह लखनऊ मे दी थी। मूल परीक्षार्थी की जगह वह स्वय परीक्षा दे रहा था। उसने इस बात को स्वय स्वीकार कर लिया है एवम उसी सदर्भ मे लिखित मे माफी नामा भी दिया है।

# खानपुर विधायक ने सदन का बहिष्कार कर दिया धरना



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। खानपुर सीट से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने आज विधानसभा सत्र के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड में चली आ रही अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाना चाहा लेकिन सदन ने उनका सवाल नहीं लिया गया। जिसके बाद वो सदन का बहिष्कार कर बाहर चले गए। बाहर आकर उन्होंने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया।

इस मौके पर खानपुर विधायक ने कहा कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड भ्रष्टाचार और अनियमितता का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कुछ दस्तावेज साझा करते हुए बताया कि किस तरह से उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लॉकडाउन के समय करोड़ों खर्च किए गए। जब लॉकडाउन हटा और स्थिति सामान्य हुई है तो हाल ही में उत्तराखंड की क्रिकेट टीम द्वारा भूखे पेट खेले गए मैच ने पूरे देश में सुर्खियां बटोरी हैं। उमेश कुमार ने बताया कि अब वह न्यायालय की शरण में जाएंगे। उन्होने कहा कि रणजी ट्राफी के बाद से ही लोग उत्तराखंड क्रिकेट एसोसियेशन को संदेह की नजर से देख रहे है और एसोसियेशन पर सवाल उठा रहे हैं। कहा कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड पर तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों में टीम के सलेक्शन से लेकर कोच, मैनेजर, फीजियो, सलेक्टर और तमाम पदाधिकारी भी घेरे में हैं। विधायक उमेश कुमार इसकी ई. डी.और सी. बी. आई. से इसकी जांच करने की मांग कर रहे थे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*